हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
• मुजफ्फरपुर • रविवार • 07 जून 2015

आधुनिक तकनीक से खेती कर उत्पादन बढ़ायें किसान : पारसनाथ

मुशहरी | मुजफ्फरपुर कार्यालय

कृषक कृषि कार्य में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर फसल उत्पादन को बढायें। कृषि के अनुभवों को एक-दूसरे से साझा करें।

इससे दूसरे कृषकों को लाभ मिलेगा ही अपनी खामियों का भी पता चल पायेगा। उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुशहरी के 15 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक पारस नाथ ने कही। आरएयू पूसा के पूर्व कुलपति डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी ने अपने संबोधन में किसानों को खेत और बागान से नियमित जुड़े रहने की सलाह दी। इससे पूर्व सुबह साढ़े दस बजे आईजी पारसनाथ, डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी, एनआरसी लीची के निदेशक डॉ. विशाल नाथ, मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा के अध्यक्ष डॉ. राजवीर शर्मा, केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र पटना के डॉ. मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। निदेशक ने स्वागत भाषण के दौरान केंद्र द्वारा अब तक की गई प्रगति एवं कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। भोलानाथ झा ने किसानों की परेशानियों से केंद्र को अवगत कराया।

स्थापना दिवस

- राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुशहरी के 15वें स्थापना दिवस पर समारोह
- किसानों को खेत व बागान से नियमित रूप से जुड़े रहने की मिली सलाह

उत्तम खेती की दी गई जानकारी : कार्यक्रम के दूसरे सत्र में ''लीची उत्तम कृषि क्रियाएं'' मुद्दे पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र के डॉ. एसडी पांडे, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. एसके पूर्वे, डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. आरके पटेल, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अलेमवती, डॉ. स्वाती, डॉ. नीतू, डॉ. नारायण, डॉ. आलोक, डॉ. इवनिंग स्टोन एवं राजीव रंजन ने उपस्थित कृषकों को आगामी वर्ष में बेहतर लीची उत्पादन के लिए मासिक कृषि क्रियाओं एवं तकनीकी विधियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरके पटेल, अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ. विशाल नाथ एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरेंद्र कुमार ने किया।

लीची अनुसंधान केन्द्र के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते अतिथि व अन्य।

'लीची रत्न' से हुए सम्मानित : मौके पर प्रगतिशील लीची उत्पादकों मुरौल के सुधीर कुमार पांडे, मोतीपुर के गजेंद्र प्रसाद शादी, लालगंज के जितेंद्र प्रसाद सिंह, गोरौल के रामाकांत शर्मा, कल्याणपुर के मो. मजहरुल हक, समस्तीपुर के नरेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्वी चंपारण के संजय कुमार, सीतामढ़ी के मिथिला बिहारी मिश्रा को मुख्य अतिथि आईजी ने लीची रत्न से सम्मानित किया।